# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर

(पुँवारका,सहारनपुर,उ0प्र0,पिन—247120)

website-msuniversity.ac.in E-mail id – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक :240 प्रवेश / MSU / 2025–26 दिनांक : 08.07.2025

## प्रेस–विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों में सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु आनलाईन पंजीकरण कराने का पुनः अवसर दिया जाता है, जिसकी अन्तिम तिथि दिनांक 17.07.2025 तक विस्तारित की गई हैं, इच्छुक अभ्यर्थियों को पंजीकरण कराने का अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है।

अतः प्रवेश के लिये इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर अपना प्रवेश हेतु दिनांक 17.07.2025 तक ऑनलाईन पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात किसी भी दशा में पंजीकरण नहीं खोले जायेगें। पंजीकरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट (https://msuniversity.ac.in) पर दिये गये लिंक (https://msuadm.samarth.edu.in/) पर जाकर कराना है। पंजीकरण कराने के पश्चात अभ्यर्थी इस पंजीकरण का प्रिन्ट / फोटोप्रति एवं सम्बन्धित आवश्यक पत्राजात के साथ पाठ्यक्रम से सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान में दिनांक 18.07.2025 तक जमा करायेगें। अभ्यर्थी एक से अधिक पाठ्यक्रमों / महाविद्यालयों में पंजीकरण करा सकते है।

प्रवेश समन्वयक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
एवं
प्राचार्य, गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. कुलसचिव।
03. वित्त अधिकारी।
04. उपकुलसचिव (प्रवेश)।
05. सह समन्वयक प्रवेश को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
07. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
08. विश्वविद्यालय प्रोग्रामर समर्थ पोर्टल (प्रवेश सैल)।
09. विश्वविद्यालय वेबसाईट मेन्टेनर को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु।
10. गार्ड फाईल।

(प्रो० ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक